दैनिक उद्योग आस-पास
भारत व राजस्थान सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
प्रभात ▪ वर्ष : 42 ▪ अंक 144 सीकर, मंगलवार 18 फरवरी, 2025 सीकर-जयपुर से एक साथ प्रकाशित ▪ मूल्य 2.50 रू. ▪ पृष्ठ-आठ आर.एन.आई. 39684/83 डाक पंजी.सं. सीकर /009/2024-2026

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 19 को आएंगे सीएसआईआर-सीरी पिलानी

ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव 2025 में लेंगे हिस्सा, करेंगे संबोधित

आस-पास ब्यूरो...

पिलानी। सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में 19 फरवरी को 'ईएसडीएम स्किल कॉनक्लेव 2025' का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यह कॉन्क्लेव इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) क्षेत्र में कौशल विकास, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ, स्टार्टअप प्रतिनिधि और शोधकर्ता भाग लेंगे। इस अवसर पर सीरी द्वारा विकसित नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और अनुसंधान उपलब्धियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा अपने संबोधन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में इलेक्ट्रॉनिक प्रयोगशाला की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण और कौशल विकास में सीरी की भूमिका पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान और उद्योग-शिक्षा संवाद भी आयोजित किए जाएंगे, जो ईएसडीएम क्षेत्र में उन्नत तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर केंद्रित होंगे। सीएसआईआर सीरी पिलानी इस महत्वपूर्ण आयोजन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में अनुसंधान एवं नवाचार की भूमिका को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।